दिनांकः 12.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय वायुसेना ने विभिन्न परिस्थितियों में अपने कौशल और साहस का प्रदर्शन कर विश्व में भारत का नाम रोशन किया हैं श्री सिंह आज जोधपुर में चल रहे कई देशों की सेनाओं के युद्धाभ्यास तरंग शक्ति 2024 के अवसर पर भारत रक्षा विमानन प्रदर्शनी आई.डी.ए.एक्स. के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थें उन्होंने वायु सेना को तरंग शक्ति के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के युद्धाभ्यास से देशों को एक–दूसरे से बहुत कुछ सीखने को मिलता हैं सीखने से ही सभ्यता का विकास हुआ हैं श्री सिंह ने कहा कि आज वायु सेना ने स्वयं को नवीनतम और उच्च तकनीक के एयर क्राफ्ट के साथ अपडेट किया हैं उन्होंने कहा कि तरंग शक्ति के माध्यम से हम तेजी से बदलती तकनीक की दिशा में बढ़ रहे हैं गौरतलब है कि 14 सितम्बर तक लगने वाली इस प्रदर्शनी में विभिन्न उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के साथ रक्षा उद्योग की भागीदारी हैं इसमें विदेशी मित्र देशों और भारतीय दर्शकों को सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, विभिन्न श्रेणी के निजी उद्योगों और नए उद्यम सहित भारतीय विमानन उद्योग से संबंधित प्रतिभागियों से मिलने का अवसर मिलेगां प्रदर्शनी का उद्देश्य तरंग शक्ति 2024 में भाग ले रहे वैश्विक वायु सेनाओं के निर्णय–कर्ताओं और अंतिम उपयोगकर्ताओं के सामने भारतीय विमानन उद्योग के स्वदेशी कौशल को प्रदर्शित करना हैं

000

केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से ''देखो अपना देश''–पीपल्स च्वाइस 2024 अभियान चलाया जा रहा हैं इस अभियान के तहत देश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जागरुक करने और इन स्थलों को विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल बनाने के उद्देश्य से लोगों से उनके सुझाव मांगे जा रहे हैं इसके लिए लोग माय जीओवी प्लेटफॉर्म पर अपनी पसंद का पर्यटन स्थल चुनकर वोट कर सकते हैं गौरतलब है कि इस साल सात मार्च को इस अभियान की शुरूआत हुई थीं

000

खेजड़ली बलिदान दिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के खेजड़ली गांव में पेड़ों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर और वीरांगनाओं के बलिदान को नमन किया हैं उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमृतादेवी विश्नोई और 363 प्रकृति प्रेमियों का बलिदान हमें प्रकृति के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता हैं

इससे पहले कल जोधपुर में खेजड़ली शहीदी दिवस और राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के उपलक्ष में सम्मेलन आयोजित किया गयां सम्मेलन को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए "रिड्यूस, रियूज़ और रीसायकल" की नीति को अपनाना बहुत आवश्यक हैं उन्होंने कहा कि खेजड़ली बलिदान की प्रेरणा आज भी पर्यावरण संरक्षण की राह पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं सम्मेलन में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि इन लोगों के बलिदान से समाज को प्रकृति रक्षा की युगों–युगों तक प्रेरणा मिलती रहेगीं

इस बलिदान की याद में कल खेजड़ली गांव में मेला आयोजित किया जाएगां मेले में आंदोलन की प्रणेता अमृता देवी सहित बलिदान करने वाले 363 लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने देशभर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगें इस अवसर पर बिश्नोई समाज के आराध्य जम्भेश्वर भगवान के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी की जाएगीं

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई वहीं पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बरसात हुई मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 24 सेंटीमीटर बारिश धौलपुर के राजाखेड़ा में रिकॉर्ड की गई सवाईमाधोपुर 16, झालावाड के अकलेरा में 13, बारां के शाहबाद में 11, भरतपुर में 10 सेंटीमीटर पानी बरसा इस बीच, आज भी विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी हैं नीम का थाना में सुबह से ही रुक रुक कर बरसात हो रही हैं डीग जिले में कल रात से हो रही बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया हैं भरतपुर में लगातार हो रही बरसात से बसेडी से बयाना, खेडिया मोड से सेवला, चिकसाना से हेतमपुर सहित विभिन्न मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं धौलपुर में पार्वती बांध के 22 में से 16 गेट खोलकर अतिरिक्त पानी निकाला जाा रहा हैं

000